Seventeenth Loksabha

an>

Title : Issue regarding recent political developments in Jammu & Kashmir.

श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग): अध्यक्ष महोदय, गंभीर और तपशीसनाक मामले को उठाने के लिए मैं आपका शुक्रगुजार हूं । अमरनाथ यात्रा बड़े अमन के साथ चल रही है, साढ़े तीन लाख यात्री दर्शन के बाद वापस आ रहे हैं और बड़ी तादाद में टूरिस्ट जा रहे हैं । सरकार की तरफ से अचानक यह ऐलान हुआ कि कोई सौ कंपनियां मजीद सिक्युरिटी फोर्सेज कश्मीर भेजी जा रही हैं । यही नहीं हुआ बल्कि यह भी एडवाइजरी ऐलान हुई कि चार महीने के लिए राशन स्टोर कीजिए, ड्रिंकिंग वॉटर स्टोर कीजिए । इससे तशवीश फैल गई है, सारे अवाम में पैनिक फैल गया है । कोई जवाज़ नहीं है । …(व्यवधान)